# NATIONAL COORDINATION COMMITTEE OF ELECTRICITY EMPLOYEES & ENGINEERS

B.T. RANADIVE BHAWAN, 13-A, ROUSE AVENUE, NEW DELHI -110 002,
Mob. No.: 8800580584 / 8918372750 E-mail: nccoeee2000@gmail.com

**9 जून 2025**

## सकुर्लर

नेशनल कॉर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रीसिटी एम्प्लॉईज़ एण्ड इंजीनियर्स (NCCOEEE) की बैठक 9 जून 2025 को बीटीआर भवन, नई दिल्ली में आयोजित हुई। कॉमरेड मोहन शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में उत्तर प्रदेश बिजली क्षेत्र के निजीकरण की प्रक्रिया को गंभीरता से लिया गया। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर्स द्वारा पिछले 194 दिनों से चल रहे संघर्ष को NCCOEEE का पूर्ण समर्थन एवं एकजुटता प्राप्त है। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए, जिनका सभी घटक संगठनों द्वारा सख्ती से पालन किया जाएगा:

1. NCCOEEE द्वारा उत्तर प्रदेश बिजली विभाग से दोबारा निजीकरण प्रक्रिया वापस लेने की मांग की जाती है। यदि सरकार निजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में कोई कदम उठाती है, तो इसके जवाब में पूरे देश में तेज़ संघर्षरत कार्रवाई की जाएगी। NCCOEEE के बैनर तले बिजली क्षेत्र के कर्मचारी उत्तर प्रदेश के संघर्ष को समर्थन देने हेतु जनजागरण अभियान जारी रखेंगे।
2. **उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारियों एवं अभियंताओं के समर्थन में 2 जुलाई 2025 को देशभर के सभी सब–स्टेशनों/कार्यालयों/बिजली संयंत्रों पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।** NCCOEEE सभी बिजली कर्मचारियों से भोजन अवकाश के दौरान इस आंदोलन में शामिल होने की अपील करता है।
3. NCCOEEE, संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) को उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारियों के संघर्ष में सक्रिय समर्थन देने के लिए धन्यवाद देता है। **22 जून 2025 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों, किसानों एवं अन्य उपभोक्ताओं का संयुक्त कन्वेंशन आयोजित किया जाएगा।**
4. इस निरंतर आंदोलन के बावजूद, यदि यूपी पावर विभाग जिद्दपूर्वक निजीकरण की निविदा (टेंडर) जारी करता है, तो बिजली कर्मचारी और इंजीनियर्स पूरे देश में तत्काल **एक दिन के प्रतीकात्मक हड़ताल (टोकन स्ट्राइक)** पर जाने के लिए मजबूर होंगे। केंद्र और यूपी राज्य सरकार से अनुरोध है कि वे स्थिति की गंभीरता को समझें और निजीकरण को वापस लेने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।
5. बैठक में देशभर में निजी क्षेत्र द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरिंग की स्थिति पर विस्तृत चर्चा हुई। NCCOEEE स्पष्ट रूप से दोहराता है कि यह स्मार्ट मीटरिंग और कुछ नहीं बल्कि बिजली क्षेत्र के और अधिक निजीकरण का एक कदम है। कई राज्यों में स्वतःस्फूर्त एवं संगठित विरोध उभर रहे हैं, और कुछ राज्य सरकारें जनता के विरोधी मिज़ाज को देखते हुए इस प्रक्रिया पर रोक लगा रही हैं। **NCCOEEE अपने सभी घटक संगठनों से इस निजी क्षेत्र की स्मार्ट मीटरिंग परियोजना के विरोध में एकजुट होकर अभियान चलाने का आह्वान करता है।**

*पृष्ठ 2 पर जारी...*

6. अब, पावर सेक्टर के कर्मचारियों और इंजीनियर्स के सामने सबसे महत्वपूर्ण कार्य 9 जुलाई की हड़ताल को एक बड़ी सफलता बनाना है। इस एनसीसीओईईई (NCCOEEE) की बैठक में हड़ताल की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। **एनसीसीओईईई की घटक यूनियनें बिजली क्षेत्र के सामान्य रूप से निजीकरण और विशेष रूप से यूपी पावर सेक्टर पर हमले के मुद्दे को केंद्रित करते हुए हड़ताल नोटिस जमा करेंगी।** इस संबंध में निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं:

   a) NCCOEEE के सभी घटक फैडरेशनें 15 जून 2025 तक अपने सभी संबद्ध यूनियनों द्वारा हड़ताल नोटिस जमा करवाएंगे।

   b) 18 जून 2025 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में NCCOEEE की बैठक में हड़ताल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

   c) हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने और उत्तर प्रदेश के चल रहे संघर्ष के बारे में प्रचार प्रसार के लिए निम्नलिखित क्षेत्रीय कन्वेंशन आयोजित किए जाएंगे।

| **कन्वेंशन की तिथि** | **स्थान** | **संबंधित षामिल राज्य** |
|---|---|---|
| 18 जून 2025 | कोलकाता | पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा |
| 24 जून 2025 | चंडीगढ़ | हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर और राजस्थान |
| 30 जून 2025 | मुंबई | महाराष्ट्र और गुजरात |
| 1 जुलाई 2025 | हैदराबाद | आंध्र प्रदेश और तेलंगाना |
| 4 जुलाई 2025 | गुवाहाटी | असम, मेघालय और त्रिपुरा |
| **प्रत्येक कन्वेंशन में 300–400 प्रतिभागियों को शामिल किया जाए। मेजबान राज्यों से अधिकतम संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जाए। घटक यूनियन/एसोसिएशन आपस में भागीदारी का कोटा निर्धारित करें।** | | |

7. NCCOEEE की क्षेत्रीय कमेटियों को सक्रिय रूप से कार्य करना शुरू करना चाहिए।

**उपरोक्त सभी निर्णयों को NCCOEEE के घटक फैडरेशनों द्वारा अपनी–अपनी यूनियनों तक पहुँचाया जाए। फैडरेशनों द्वारा यूनियनों को जारी परिपत्र की एक प्रति राज्य स्तर पर समन्वय हेतु NCCOEEE (nccoeee2000@gmail.com) की मेल पर भेजा जाए।**

**जारीकर्ता,**

Sudip Dutta

**(सुदीप दत्ता)**
**संयोजक**
**मोबाइल नं.: 8918372750**
**ईमेल: sd.phy.ds@gmail.com**